श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 114, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण | प्रयागराज | सोमवार, 30 नवम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# दिल्ली को चारों तरफ से घेरने में जुटे किसान, केंद्र सरकार के सशर्त वार्ता का प्रस्ताव ठुकराया

**यूपी गेट पर डेरा डाले भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि लगता है सरकार किसानों को हलके में ले रही है। सभी सीमाओं पर जमा किसानों ने फैसला लिया है कि सरकार की किसी भी शर्त के साथ वार्ता नहीं करेंगे।**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि कानूनों के विरोध में केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के लिए किसानों की राजधानी दिल्ली को चारों तरफ से घेरने की कोशिश है। हरियाणा से सटे च्सघु व टीकरी बॉर्डर पर हरियाणा व पंजाब के किसान और यूपी गेट पर उत्तर प्रदेश के किसान भारी संख्या में डेरा डाले हुए हैं। हरियाणा से दिल्ली में प्रवेश करने वाले दोनों रास्तों को किसानों ने पूरी तरह से घेर लिया है। अब उनकी कोशिश यूपी व राजस्थान के रास्तों को भी घेरने की है। इसी को लेकर यूपी बॉर्डर पर रविवार को किसान उग्र हो गए और पुलिस के बैरिकेड तोड़ दिए।



भारतीय किसान यूनियन क्रांतिकारी पंजाब के अध्यक्ष सुरजीत सिंह फुल की अध्यक्षता में रविवार को 30 किसान जत्थेबंदियों की सोनीपत में बैठक हुई। इसमें उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से शर्त के साथ बैठक के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। शाम को सिंघु बॉर्डर पर आयोजित प्रेसवार्ता में सुरजीत सिंह फुल ने कहा कि वे लोग बुराड़ी के संत निरंकारी मैदान में जाने को तैयार नहीं हैं।

**किसानों ने कहा- चार माह का राशन लेकर आए हैं**

किसान दिल्ली को चारों तरफ से घेरकर केंद्र सरकार को मांगें पूरा करने को विवश कर देंगे। उनका कहना था कि टीकरी व सिंघु बॉर्डर को तो घेर लिया गया है। इसके बाद यूपी बॉर्डर व फिर जयपुर हाईवे का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान चार महीने का राशन साथ लेकर आए हैं। जब तक सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती, वे लोग धरना देते रहेंगे।

**किसान नेताओं ने कहा- ओपन जेल में जाने के बजाय दिल्ली की चारों तरफ से करेंगे घेराबंदी**

किसान नेताओं ने कहा कि उन्हें पता चला है कि सरकार ने संत निरंकारी मैदान को ओपन जेल बना दिया है। वह ओपन जेल में जाने के बजाय दिल्ली की चारों तरफ से घेराबंदी करेंगे। संत निरंकारी मैदान से किसानों को वापस बॉर्डर पर लाया जाएगा। हालांकि, देर रात तक एक भी किसान मैदान से वापस नहीं आया था। उन्होंने यह भी कहा कि अगर सरकार बिना किसी शर्त के उनसे मिलना चाहती है तो वे बात करने को तैयार हैं।

**किसानों के मंच से किसी राजनीतिक पार्टी के नेता को बोलने का मौका नहीं दिया जाएगा**

सुरजीत च्सह ने कहा कि उन्होंने फैसला किया है कि किसानों के मंच से किसी राजनीतिक पार्टी के नेता को बोलने का मौका नहीं दिया जाएगा। चाहे वह नेता कांग्रेस का हो या किसी अन्य पार्टी का। प्रदर्शन के दौरान मीडिया से दुर्व्यवहार और मोबाइल फोन छीनने के लिए सुरजीत च्सह ने मीडिया कर्मियों से माफी मांगी।

**यूपी गेट पर डेरा डाले भारतीय किसान यूनियन ने कहा- सरकार किसानों को ले रही हल्के में**

यूपी गेट पर डेरा डाले भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि लगता है सरकार किसानों को हलके में ले रही है, तभी बुराड़ी में ही वार्ता करने की शर्त रख रही है। सभी सीमाओं पर जमा किसानों ने फैसला लिया है कि सरकार की किसी भी शर्त के साथ वार्ता नहीं करेंगे। सरकार को वार्ता करनी है, तो किसानों के पास आना होगा। उन्होंने कहा कि किसान रामलीला मैदान, जंतर मंतर या प्रगति मैदान जाकर शांतिपूर्ण आंदोलन करना चाहते हैं।

## किसानों को परेशान करने वालों से सीएम योगी आदित्यनाथ खफा

**24 निलंबित और 33 के खिलाफ केस**



**लखनऊ, जेएनएन।** धान खरीद में किसानों को परेशान करने वालों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नजरें टेढ़ी हो गई हैं। प्रदेश में किसानों से धान की खरीद में लापरवाही बरतने वाले 57 लोगों के खिलाफ एकशन लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चीनी मिलों के सुचारु संचालन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिया है।

सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश अपर मुख्य सचिव सहकारिता, आयुक्त एवं निबंधक एमवीएस रामी रेड्डी 33 धान क्रय केंद्र प्रभारियों के खिलाफ कार्यों में उदासीनता और अनियमितता पर एफआईआर दर्ज कराई है। इसके साथ ही 24 केंद्र प्रभारियों व सचिव को निलंबित कर दिया गया है। चार को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। कार्यों में लापरवाही और गड़बड़ी की शिकायतों पर औरैया के जिला प्रबंधक पीसीयू, जिला प्रबंधक यूपीएसएस, सोनभद्र के जिला प्रबंधक पीसीएफ और कानपुर मंडल के क्षेत्रीय प्रबंधक पीसीएफ को निलंबित कर दिया गया है।

इसी क्रम में जिला प्रबंधक पीसीएफ फतेहपुर को स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही 71 केंद्र प्रभारियों सचिवों को चेतावनी दी गई है। एक केंद्र प्रभारी को पद से हटाया गया और 28 केंद्र प्रभारियों सचिवों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने कहा है कि धान खरीद में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। धान क्रय केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होने पाए इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि धान क्रय केंद्रों पर किसानों को किसी तरह की असुविधा होने या फिर अनियमितता की शिकायत मिलने पर दोषियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चीनी मिलों के सुचारु संचालन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिया है। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि किसानों को चीनी मिलों में गन्ने की आपूर्ति में कोई समस्या न हो। उन्होंने गन्ना किसानों को बोआई के लिए गन्ने की बेहतर प्रजाति उपलब्ध कराए जाने के निर्देश भी दिए हैं। रविवार को अपने सरकारी आवास पर वह विभिन्न विभागों के कामकाज की समीक्षा कर रहे थे।

धान खरीद की निरंतर समीक्षा करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के तहत अपनी उपज बेचने में कोई दिक्कत न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन गांवों में विभिन्न विकास योजनाओं को उत्कृष्ट ढंग से लागू किया गया है, ऐसे ग्रामों को मॉडल के रूप में प्रस्तुत करते हुए वहां जनप्रतिनिधियों का भ्रमण कराया जाए। इससे अन्य ग्रामों में भी इसी प्रकार विकास कार्यों को बेहतर ढंग से लागू करने में मदद मिलेगी।

एफपीओ (कृषक उत्पादक संगठन) के गठन को बढ़ावा देने पर जोर देने के साथ उन्होंने इनके गठन के बाद प्रशिक्षण दिलाने की हिदायत दी। एफपीओ की गतिविधियों को निर्यात के साथ जोड़कर एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए काम करने के लिए कहा। जिलों की मैपिंग कराकर उनकी जीडीपी भी तय करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से 'प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान' (पीएम कुसुम योजना) प्रारंभ की गई है। यह महत्वाकांक्षी योजना उत्तर प्रदेश में भी संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत सोलर पंप स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि यह कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए।

# 21 दिसंबर को ब्रह्मांड में होने वाली है बेहद खास घटना

**इस दिसंबर को अंतरिक्ष में ऐसी घटना होने वाली है जिसका हर कोई गवा हो सकता है। इस खगोलीय घटना को आंखों से देखा जा सकेगा। शनि और गुरू ग्रह दोनों ही 21 दिसंबर को बेहद करीब होंगे।**



**नैनीताल (रमेश चंद्रा)।** हमारे सौर मंडल के सबसे बड़े ग्रह गुरु यानी बृहस्पति व शनि 397 साल बाद एक दूसरे को 'स्पर्श' करते नजर आने वाले हैं। यह संयोग साल के सबसे छोटे दिन यानी 21 दिसंबर को बनने जा रहा है। इस दुर्लभ खगोलीय घटना में दोनों के बीच की आभासी दूरी मात्र 0.06 डिग्री रह जाएगी। साथ ही इन दोनों के चंद्रमाओं को भी एक डिग्री के अंतराल में देखने का मौका होगा।

आर्यभटट् प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज), नैनीताल के खगोल विज्ञानी डॉ. शशि भूषण पांडेय के अनुसार शनि व गुरु को इन दिनों को आंखों से देखा जा सकता है। अब यह दोनों रोमांचक संयोग बनाने जा रहे हैं, जिसमें गुरु व शनि अपनी कक्षा में परिभ्रमण करते हुए एक दूसरे को स्पर्श करते हुए नजर आएंगे। चांदी के समान चमकीले रंग के छल्लों में लिपटा शनि ग्रह के साथ उसके उपग्रह टाइटन व रेया भी नजर आएंगे। वहीं गुरु के चार चांद यानी उपग्रह गायनामिड, कैलेस्टो, आइओ व यूरोपा भी ऐसे ही नजर आएंगे। इस घटना में दोनों ग्रहों के साथ-साथ उनके उपग्रहों के बीच की दूरी भी एक डिग्री के अंतराल में रह जाएगी।

गुरु का चांद आइओ तो ऐसे दिखेगा मानो चिपका हुआ हो। पृथ्वी से देखने पर इनके बीच की यह दूरी आभाषीय होगी, जबकि वास्तविकता में शनि व गुरु के बीच नजदीक आने पर दूरी औसत 65.5 करोड़ किमी होती है। जबकि दूर होने पर यह दूरी औसत 2.21 अरब किमी होती है। जबकि उनके उपग्रहों के बीच आपसी दूरी डेढ़ लाख से ढाई करोड़ किमी होगी। इस दुर्लभ खगोलीय घटना में दोनों ग्रहों के उपग्रहों को दूरबीन की मदद से ही देखा जा सकता है। इसके बाद ये दोनों ग्रह 376 साल बाद एक दूसरे के इतने ही करीब पहुंचेंगे। हालांकि हर 20 साल में यह दोनों एक दूसरे के करीब पहुंचते हैं।

**गैलीलिओ ने देखा था पहली बार :** महान विज्ञानी गैलीलिओ गैलीली ने टेलीस्कोप बनाने के बाद 1623 में शनि व गुरु को एक दूसरे के इतने करीब पहली बार देखा देखा था। टेलीस्कोप की सुविधा उपलब्ध हो जाने से ग्रह नक्षत्रों समेत ब्रह्मांड के कई रहस्यमय व भ्रामक तथ्यों की सत्यता का पता चला था।

**साल के सबसे छोटे दिन होने जा रही यह घटना :** यह खगोलीय घटना साल के सबसे छोटे दिन होने जा रही है। इस कारण इसकी रोचकता और बढ़ जाती है। इस घटना को पश्चिम के आकाश में देखा जा सकेगा।

**ग्रेट कंजंक्शन नाम दिया इस घटना को:** इस दुर्लभ खगोलीय घटना को विज्ञानियों ने ग्रेट कंजंक्शन नाम दिया है। कंजंक्शन यानी आच्छादन की घटनाएं सौर मंडल में अक्सर होती रहती हैं, लेकिन दो बड़े ग्रहों के बेहद नजदीक आने की घटना सदियों बाद ही हुआ करती हैं। जिस कारण इसे ग्रेट कंजंक्शन नाम दिया गया है।

# प्रतिबंधित संगठन एसएफजे ने की किसान आंदोलन को साढ़े सात करोड़ देने की घोषणा

**एसएफजे की घोषणा से हरकत में आई सुरक्षा एजेंसियों ने प्रदर्शन स्थलों पर सादा वर्दी में पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी है। एजेंसियां देख रही हैं कि कोई शख्स किसानों को भड़काने की कोशिश न कर पाए।**

**नई दिल्ली, आइएएनएस।** राजधानी दिल्ली के प्रवेश मार्गों पर पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसान जमे हुए हैं। ये आंदोलनकारी किसान सरकार से कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। इसी बीच प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के उनके लिए दस लाख डॉलर (करीब साढ़े सात करोड़ रुपये) की आर्थिक सहायता के एलान से सुरक्षा एजेंसियां सचेत हो गई हैं।

एसएफजे ने कहा है कि यह धनराशि पंजाब और हरियाणा के उन किसानों को दी जाएगी जो आंदोलन के दौरान घायल हो गए हैं या जिनके वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इन किसानों का दिल्ली पहुंचने के दौरान हरियाणा में पुलिस से टकराव हुआ था जिसमें कई किसानों को चोटें आई हैं।

एसएफजे ने अपने संदेश में कहा है कि 30 नवंबर को वह 24 घंटे के लिए अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी में कॉल सेंटरों के जरिये किसानों की मदद के लिए दान देने और खालिस्तान के लिए जनमत संग्रह की अपील जारी करेगा। एसएफजे 15 अगस्त, 2021 से लंदन से खालिस्तान की मांग पर जनमत संग्रह कराने की शुरूआत करने वाला है। किसानों को मदद की घोषणा अमेरिका में रहने वाले एसएफजे नेता गुरपतवंत सिंह पन्नुन ने की है।

एसएफजे की घोषणा से हरकत में आई सुरक्षा एजेंसियों ने प्रदर्शन स्थलों पर सादा वर्दी में पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी है। एजेंसियां देख रही हैं कि कोई शख्स आंदोलनकारी किसानों को भड़काने की कोशिश न कर पाए। उनके बीच पैसा बांटकर आंदोलन की दिशा बदलने की कोशिश न कर पाए।

# उत्तर भारत में सर्दी का सितम जारी, दिल्ली में 10 साल में सबसे अधिक ठंड



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** कश्मीर के गुलमर्ग सहित अन्य क्षेत्रों में हो रही भारी बर्फबारी से उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में ठंड बढ़ रही है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हाल ही में उत्तर भारत के पहाड़ों पर जबरदस्त बर्फबारी हुई है। हवाओं का रुख उत्तरी होने के कारण उत्तर भारत की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही बफीर्ली हवाओं ने मैदानी इलाकों में ठिठुरन बढ़ा दी है। मौसम का मिजाज तीन दिसंबर तक इसी तरह बना रहने के आसार हैं। वहीं, दक्षिण के राज्यों में एक दिसंबर से भारी बारिश होने की संभावना है।

राष्ट्रीय राजधानी में पिछले दस वर्षों में इस वर्ष नवंबर में सबसे ज्यादा ठंड पड़ी है और इस वर्ष नवंबर के महीने में औसत न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा है। दिल्ली में वैसे नवंबर महीने का औसत न्यूनतम तापमान 12.9 डिग्री सेल्सियस होता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़ों के अनुसार एक नवंबर से 29 नवंबर तक शहर में औसत न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जो करीब एक दशक में सबसे कम तापमान है।

वहीं, तूफान आने के बाद हुई बारिश ने आंध्र प्रदेश के लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। भारी बारिश से आई बाढ़ से प्रदेश के कडप्पा जिले में पिछले तीन दिनों में आठ लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी शनिवार को राज्य सरकार ने दी। मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की है।

निवार तूफान भले की काफी कमजोर पड़ गया हो, लेकिन उसके असर से मध्य प्रदेश में 18 से 20 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। इस वजह से पूरे प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट होने लगी है। इसी क्रम में शनिवार को सबसे कम न्यूनतम तापमान मंडला में सात डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश के छह स्थानों पर पारा दस डिग्री से नीचे लुढ़क गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, प्रदेश में शनिवार को न्यूनतम तापमान मंडला में 7, नौगांव में 8.8, रायसेन में 9.4, ग्वालियर में 9.5, खजुराहो में 9.5 और दतिया में 9.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

# फरार IPS अधिकारी मणिलाल पाटीदार पर 25 हजार का इनाम घोषित

**महोबा में व्यापारी इंद्रकांत त्रिपाठी से महोबा के एसपी रहे मणिलाल पाटीदार के छह लाख की रिश्वत मांगने के बाद त्रिपाठी की हत्या से मामला काफी तूल पकड़ गया। योगी आदित्यनाथ सरकार ने इस केस में काफी सख्त कार्रवाई की।**



**लखनऊ, जेएनएन।** महोबा में व्यापारी इन्द्रकांत त्रिपाठी हत्याकांड में निलंबन के बाद से फरार चल रहे आइपीएस अधिकारी मणिलाल पाटीदार के साथ ही कॉन्स्टेबल अरुण यादव पर शासन का शिकंजा कस गया है। महोबा के एसपी रहे मणिलाल पाटीदार को भगोड़ा घोषित करने के बाद अब 25 हजार का इनाम रखा गया है।

पुलिस अब तक चोर, बदमाश, डाकू और गैगस्टर को पकड़वाने पर ही इनाम घोषित करती है, लेकिन इस बार पुलिस महकमे ने अपने एक युवा आइपीएस अधिकारी को पकड़वाने पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। महोबा के कबरई के व्यापारी इंद्रकांत त्रिपाठी की मौत के मामले में भगोड़ा घोषित महोबा के पूर्व एसपी मणिलाल पाटीदार पर यह इनाम रखा गया है। इस मामले में उनके सहयोगी सिपाही अरुण यादव पर भी 25 हजार का इनाम है। इस मामले के आरोपितों में तत्कालीन एसओ देवेंद्र और दो अन्य को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

मणिलाल पाटीदार व्यापारी इंद्रकांत की मौत के मामले में 15 नवंबर से फरार हैं। पुलिस की कई टीमें और एसटीएफ उनकी खोज में लगी हुई हैं लेकिन अब तक गिरफ्तार नहीं किया जा सका। पाटीदार के खिलाफ भ्रष्टाचार की भी कई शिकायतें हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। रविवार को एसपी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व एसपी मणिलाल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी है। अब 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया है। आरोपित सिपाही अरुण यादव पर भी इनाम रखा गया है। प्रदेश का यह पहला मामला है जिसमें किसी आइपीएस पर 25 हजार का इनाम रखा गया है।

उल्लेखनीय है कि क्रशर कारोबारी की मौत के मामले में गिरफ्तार हुए बर्खास्त एसओ देवेंद्र शुक्ला को तीन दिन पहले लखनऊ भ्रष्टाचार निवारण कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया था। आरोपित दो अन्य सुरेश सोनी व ब्रह्मदत्त द्विवेदी को गिरफ्तार कर लखनऊ जेल भेजा जा चुका है। दिवंगत इंद्रकांत के बड़े भाई व वादी रविकांत का कहना है कि इस कार्रवाई से संतुष्टि मिली है, लेकिन आरोपित की गिरफ्तारी जल्द होनी चाहिए।

दिवंगत क्रशर कारोबारी ने सात सितंबर को तत्कालीन एसपी मणिलाल पाटीदार व कबरई के तत्कालीन एसओ देवेंद्र शुक्ला पर जबरन वसूली का आरोप लगाया था। उनसे अपनी जान को खतरा बताते हुए आडियो व वीडियो वायरल किए थे। मुख्यमंत्री को भी इसी संदर्भ के प्रार्थना पत्र भेजा था। आठ सितंबर को इंद्रकांत अपनी गाड़ी में गोली लगने से घायल मिले थे। 13 सितंबर को उनकी कानपुर के रीजेंसी अस्पताल में मौत हो गई थी। भाई रविकांत त्रिपाठी ने पूर्व एसपी व एसओ सहित चार लोगों के खिलाफ कबरई थाने में मुकदमा कराया था। जांच के दौरान सिपाही अरुण यादव का नाम जोड़ा गया था। निलंबित होने के बाद से आइपीएस अधिकारी मणिलाल पाटीदार फरार चल रहा है। शीघ्र ही पाटीदार से साथ सिपाही की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई भी होने वाली है। महोबा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार गौतम के मुताबिक जिले के एसपी रहे मणिलाल पाटीदार, इंस्पेक्टर देवेंद्र शुक्ला और कांस्टेबल अरुण यादव महोबा के व्यापारी इंद्रकांत त्रिपाठी की मौत के बाद से फरार चल रहे हैं। इंद्रकांत की मौत के बाद उनके भाई ने आरोप लगाया कि पाटीदार ने त्रिपाठी से छह लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। मणिलाल ने धमकी दी कि यदि एक हफ्ते के अंदर रकम नहीं दी तो जान से मार दिया जाएगा या जेल भेज दिया जाएगा। इसके बाद पाटीदार को भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण सेवा से निलंबित करके जांच का आदेश जारी कर दिया गया।

# ग्रामीण अंचल

प्रयागराज सोमवार, 30 नवम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### डीहा में गोवंश आश्रम की भूमि पर दबंगों का कब्जा

**करछना।** विकास खण्ड करछना के ग्राम पचायत डीहा के निमार्णाधीन गोवंस आश्रम की जमीन पर गाव के ही कुछ दबंग किस्म के लोग कब्जा कर लिया है जिससे गोवस आश्रम क बाउडी का कार्य बाधित हो जाने से प्रधान द्धारा थाना दिवस व समाधान दिवस पर शिकायत दर्ज कराकर दबंगो के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।प्रधान सुरसती ने बताया कि उनके गाव मे नवीन परती भूमि पर गोआश्रम का निर्माण कार्य सरकारी पैसे से कराया जा रहा है आधे से ज्यादा निर्माण कार्य हो चुका है और गौआश्रम के चारो तरफ बाउडी वाल बनाये जाने के काम चल रहा था कि गांव के दबग किस्म के हरिशकर राजेश कुमार,राम सजीवन,रमेश कुमार आदि ने उक्त जमीन पर छप्पर डालकर गोआश्रम की जमीन परस कब्जा कर लिया है जिससे बाउडीवाल का काम रूक जाने से गोआश्रम का निर्माण कार्य बाधित हो गया है जिसकी शिकायत प्रधान दबगो से किया तो वे प्रधान को ही धमकाने लगे।जिसको लेकर उच्च अधिकारियो से शिकायत किया और दबंगो के खिलाफ कार्यवाही करने और गोवंस की भूमि पर अवैध कब्जा हटवायो जाने की माग की है।

## पिकअप की टक्कर से बाइक चालक की दर्दनाक मौत

**बाइक चालक अंकित दुबे के सिर में गंभीर चोटें आने से सड़क पर तड़प-तड़पकर मौत**



घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंची पुलिस

**मऊआइमा ।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुलतानपुर खास फोरलेन पर बाइक से प्रयागराज से दवा लेकर घर प्रतापगढ़ जा रहे बाइक चालक को पीछे से आ रही पिकप ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई पुलिस घायल को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले गयी लेकिन बाइक चालक की दर्दनाक मौत हो गई। भाग रहे पिकअप को पुलिस ने पकड़ कर लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रतापगढ़ कोतवाली के ग्राम पूरे हिरावन पोस्ट भूधहा निवासी अंकित दुबे 25 वर्ष पुत्र त्रिभवन नाथ दुबे अपनी पलाटिना बाइक से रविवार को प्रयागराज दवा लेने गया था । बताते हैं कि वह दवा लेकर घर वापस जा रहा था जैसे वह मऊआइमा के ग्राम सुलतानपुर खास फोर लेन थाना पडाव चौराहे के निकट पहुंचा पीछे से आ रही पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मारी दी । बाइक चालक अंकित दुबे के सिर में गंभीर चोटें आने से वह सडक पर तडपने लगा । सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल अंकित दुबे 25 वर्ष को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले गयी परन्तु डाक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया । उधर पुलिस ने ग्राम महरौंडा के पास पिकअप को पकड़ लिया। सूचना पर मृतक अंकित दुबे के परिजन रोते बिलखते मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे । तथा पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया है कि मृतक अंकित दुबे चार भाईयों में दूसरे नम्बर पर था। वह एक बच्चे का पिता भी था। पत्नी सीनू देवी, मां, पिता और भाईयों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक अंकित गल्ले का आढत का काम करता था।

## बेकाबू कार ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल



कार की टक्कर से घायल बाइक सवार

**घूरपुर।** क्षेत्र के कंजासा गांव में आमने सामने कार व बाइक की भिड़ंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए दोनो को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घूरपुर थाना क्षेत्र के बसवार गांव निवासी सहदेव निषाद (50)अपनी बाइक पर बलराम निषाद (60) को रविवार की दोपहर बैठाकर कंजासा गांव में आयोजित निमंत्रण में शामिल होने के लिए जा रहे थे ।अभी बाइक कंजासा गांव के करीब पहुंचने वाली ही थी कि सामने से आई एक बेकाबू कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों उपरोक्त बुरी तरह से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व एम्बुलेंस दोनो घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहा से दोनो को रेफर कर दिया गया ।घटना के बाद कार चालक कार लेकर भाग गया ।लेकिन कार में सवार एक व्यक्ति को ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस को सौप दिया है।

## चोरी की ट्रांसफार्मर के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार



गिरफ्तार अभियुक्त

**घूरपुर।** घूरपुर पुलिस ने चोरी की एक ट्रांसफार्मर के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर केस दर्ज कर जेल भेज दिया। रविवार की सुबह एसओ भुवनेश कुमार चौबे हमराहियों के साथ गश्त पर थे कि इरादतगंज हवाई पट्टी पर चौकठा गांव के सामने चोरी की ट्रांसफार्मर ले जा रहे व्यक्ति को रोका तो वह पुलिस देख भागने लगा पुलिस ने दौड़ा कर उसे दबोच साथ में ट्रांसफार्मर थाने उठा लाये। पकड़ा गया अभियुक्त होरी लाल पटेल पुत्र स्व. लाल चंद्र पटेल निवासी गांव कुखुड़ी मांडा बताया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया।



बराम ट्रांसफार्मर

## तमंचा एवं जिंदा कारतूस के साथ पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**नवाबगंज।** रात्रि गश्त के दौरान पुलिस एक व्यक्ति को तमंचा एवं जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। नवाबगंज इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि शनिवार की रात मंसूराबाद चौकी इंचार्ज राकेश कुमार गौतम, एसआई अरुण कुमार कांस्टेबल शकील एजाज एवं अंबुज क्षेत्र के मोहिद्दीन पुर सर्विस हाईवे मार्ग पर गस्त के लिए निकले थे। पुलिस को गश्त करता देख महंत लाल प्रजापति पुत्र बुद्धू निवासी फकीर बॉक्स का पूरा नवाबगंज भागने लगा। संदिग्ध युवक को भागता देख पुलिस घेराबंदी करते हुए धर दबोचा। पुलिस की जामा तलाशी में गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक अदद तमंचा एवं 2 अगस्त जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद करते हुए विधिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमे दर्ज होने पर पुलिस कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

## कार्तिक के पांचवे व अंतिम रविवार को सुजावन देव यमुना घाट पर उमड़ा स्नानार्थियों का रेला





यमुना मां को चढ़ाने के लिए महिला श्रद्धालु पूड़ी हलुआ बनाती हुई व सुजावन देव यमुना घाट पर स्नानार्थियों की भीड़

**घूरपुर।** कार्तिक के पांचवे व अंतिम रविवार को घूरपुर के सुजावन देव यमुना घाट पर के श्रद्धालुओ का जन सैलाब उमड़ा यमुना में पुन्य की डुबकी लगा पूजा अर्चना दीपदान कर सुजावन देव मंदिर स्थित भगवान शिव की दर्शन कर दान दक्षिणा कर मोक्ष की कामना की। श्रद्धालुओ ने यमुना मां को पूड़ी हलुआ बनाकर अर्पण किया।


कार्तिक मास में यमुना स्नान का विशेष महत्व है। कार्तिक मास के पांचवे व अंतिम रविवार के दिन स्थानीय क्षेत्र सहित बारा,करछना तहसील के अंतर्गत हजारो श्रद्धालु यमुना स्नान के लिए भोर चार बजे से ही ऐतिहसिक धार्मिक आस्था के केंद्र सुजावन देव यमुना घाट पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ने लगा जो दोपहर तक चलता रहा। हजारो श्रद्धालुओ ने यमुना में पुन्य की डुबकी लगा पूजा अर्चना दीपदान कर सुजावन देव मंदिर स्थित भगवान शिव की दर्शन कर दान दक्षिणा किया। कोरोना काल के चलते इस बार दुकाने नहीं सजी थी। फिर भी कोरोना पर आस्था भारी पड़ा। सुजावन देव मंदिर के पुजारी ज्ञान भारथी ने बताया की लगभग पंद्रह हजार से अधिक श्रद्धालुओ ने स्नान किया।

### हलुआ पूड़ी बना यमुना मां को चढ़ाया

कार्तिक मास के अंतिम रविवार को पूड़ी हलुआ यमुना घाट पर बनाकर यमुना मां को चढ़ाने का विधान है। पूड़ी सरसो के तेल से बनाया जाता है। सैकड़ो महिला श्रद्धालुओ ने यमुना घाट पर पूड़ी हलुआ बना यमुना मां को चढ़ा प्रसाद वितरित किया।

### भगवान शिव का फूलों से किया गया श्रृंगार

कार्तिक मास के पांचवे व अंतिम रविवार के दिन सुजावन देव मंदिर स्थित शिव भगवान का फूलों से श्रृंगार किया गया था। भगवान शिव की दर्शन व पूजा अर्चना के लिए मंदिर में श्रद्धालुओ की भीड़ लगी रही।



शिक्षकों के साथ एमएलसी प्रत्याशी सपा नेता मधुर यादव

### भाजपा ने शिक्षकों, छात्रों, नौजवानों की उम्मीद पर पानी फेरा : प्रो. बी. पाण्डेय

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व कुलपति प्रो. बी. पाण्डेय ने आज सपा के जिला कार्यालय जॉर्ज टाउन में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा भाजपा ने शिक्षकों, छात्रों, नौजवानों, बेरोजगारों सहित समाज के हर वर्ग की उम्मीदों पर पानी फेरा है । भाजपा की नीतियां पूंजीपतियों को बढावा देने वाली एवं देश की कमजोर वर्ग को शिक्षा एवं रोजगार से वंचित करने वाली हैं। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव को, समाजवाद के रास्ते पर प्रगतिवादी विचारधारा का बताते हुए कहा कि सपा शासन में ही सभी वर्गों का हित संभव है। प्रो पाण्डेय ने दावा किया कि स्नातक एवं शिक्षक एम एल सी चुनाव में सपा का परचम लहराएगा। प्रो. पाण्डेय का जिला कार्यालय जॉर्ज टाउन में सपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं द्वारा फूल मालाओंसे लादकर जोरदार स्वागत किया गया ।

## दिल्ली में किसान आंदोलन के समर्थन में कांग्रेसियों ने किया जमकर प्रदर्शन



प्रदर्शन करते कांग्रेसी

**प्रयागराज।** दिल्ली में चल रहे देशव्यापी किसान आंदोलन के समर्थन में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने पत्थर गिरजा के समीप जीजीआईसी प्रांगण में धरना प्रदर्शन किया । भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों से निराश किसानों के सडकों पर उतर कर संघर्ष को लेकर आयोजित प्रदर्शन में गंगा पार जिला अध्यक्ष रामकिशुन सिंह पटेल ने कहा कि किसानों की मांगों को मानने व एमएसपी छीनने वाले कानून के बजाय मोदी सरकार उन पर ठंड में पानी की बौछार करवा रही,आशुगैस व बल प्रयोग कर रही। किसानों से सब कुछ छीन पूंजीपतियों की बैंक कर्ज माफी,हवाई अड्डे और रेलवे बांटे जा रहे हैं । आरोप लगाया कि किसानों के विरोध के अधिकार को जनविरोधी सरकार कुचल रही ।बाद में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाध्यक्ष द्वय रामकिशुन पटेल व अरुण तिवारी ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौपा जिसमें तीनों विधेयकों को वापस लेने,एमएसपी गारंटी, कर्ज माफी, कृषि क्षेत्र को कॉरपोरेट के हाथों न दिये जाने की मांगे शामिल थी। इस दौरान प्रभारी सचिव उज्ज्वल शुक्ला, किशोर वार्ष्णेय, विवेकानंद पाठक, फुजैल हाशमी, संजय तिवारी, तस्लीम उद्दीन, मुकंद तिवारी, खुशनवेदा फारुखी, अंशुमन पटेल, अल्पना निषाद, सुशील तिवारी ,परवेज सिद्दीकी, सुरेश यादव, अनिल पाण्डेय, अभिन्न वार्ष्णेय सिब्तैन बब्लू,राजेश आदि रहे।

## प्रेम प्रसंग में युवक ने जहर खाकर दे दी जान

**शंकरगढ़।** यमुनापार एरिया के शंकरगढ़ में रविवार को एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। इस मामले में मृतक के भाई ने तहरीर देकर बताया कि उसके भाई का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। फिलहाल मौके पर पहुंची मुकामी पुलिस ने छानबीन के उपरांत शव को चीरघर भेज दिया है। बताया जाता है कि प्रेमी युगल के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था और प्रेमिका नाराज होकर चली गई। इसी के बाद युवक ने जहरीला पदार्थ निगल लिया।यह मामला शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के पगुवार (रानीगंज) गांव का है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पगुवार गांव निवासी दौलत आदिवासी (32) पुत्र स्व. जवाहरलाल का क्षेत्र के ही रहने वाली एक युवती से प्रेम प्रसंग चला आ रहा था। तकरीबन पांच-छह माह से चले आ रहे प्रेम प्रसंग को लेकर दोनों काफी संजीदा थे। दौलत आदिवासी कालोनी में ही अपने भाइयों से अलग रहता था। बताया जाता है कि शनिवार को दौलत आदिवासी और उसकी प्रेमिका के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ और इस झगड़े के बाद प्रेमिका नाराज होकर प्रयागराज चली गई। नाराज प्रेमिका के चले जाने से परेशान दौलत आदिवासी घर से बाहर निकल गया और देर शाम लौटा और अपने कमरे में जाकर सो गया। आज सुबह काफी देर तक उसका दरवाजा नहीं खुलने पर उसके भाइयों ने बाहर से आवाज लगाई, कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर भाई किसी तरह अंदर पहुंचे, जहां दौलत आदिवासी का शव पड़ा था। मुंह से झाग निकला हुआ था और पास ही कीटनाशक दवा की खाली शीशी पड़ी थी।

## रैन बसेरों में व्यवस्था दुरुस्त कराने निकली नगर निगम के अधिकारियों की टीम

**प्रयागराज।** शहर के स्थाई रैन बसेरों में ठंड शुरू होने के बावजूद अव्यवस्था व्याप्त है। इस अव्यवस्था की खबर रविवार को एक समाचार पत्र में प्रकाशित हुई। इसके बाद नगर निगम के अधिकारी सक्रिय हुए। अधिकारियों की टीम व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए रविवार को निकल पड़ी।

नगर आयुक्त रवि रंजन के निर्देश पर अभियंताओं की टीम ने अपने-अपने क्षेत्र के रैन बसेरों में पानी की टंकी की सफाई कराई। वाटर आरओ को भी ठीक कराया गया। खिड़कियों के टूटे शीशे के नाप लिए गए। रैन बसेरों में चादर, कंबल को भी धुलाई के लिए भेज दिया गया। हालांकि रैन बसेरों में ठहरे लोगों को बिछाने और ओढ़ने के लिए चादर व कंबल छोड़ दिया गया।

उल्लेखनीय है कि ठंड शुरू होने के बाद भी प्रयागराज शहर में स्थायी रैन बसेरों में अव्यवस्था की ही स्थिति रही। अभी तक नगर निगम प्रशासन यहां की व्यवस्था दुरुस्त नहीं करा सका था। रैन बसेरों में अव्यवस्था का पता तब चला जब प्रशासनिक अधिकारियों ने यहां निरीक्षण किया। जिलाधिकारी भानुचंद्र गोस्वामी के निर्देश पर एसीएम ने कुछ रैन बसेरों का निरीक्षण किया था।

निरीक्षण के दौरान यमुना बैंक रोड स्थित रैन बसेरे में अ०?यवस्?था दिखी। 40 बेड की क्षमता के इ रैन बसेरे में खिड़की के शीशे टूटे हुए थे तो बल्ब भी नहीं जल रहे थे। वहीं बेड शीट और एक सीलिंग पंखा भी नदारत था। इसी प्रकार मुंडेरा चुगी स्थित रैन बसेरा में पानी की आरओ मशीन व सीलिंग पंखे भी काम नहीं कर रहे थे। पानी की टंकी लेकेज थी। वहीं लीडर रोड रैन बसेरा में सीवर लाइन ओर पानी की टंकी क्षतिग्रस्त मिली थी। इसके अलावा अन्य अव्यवस्था भी मिली थी। इसके अलावा बाघंबरी गद्दी स्थित रैन बसेरा में रजिस्टर में भी अनियमितता मिली थी। वहीं पानी की टंकी, शौचालय, बिजली आदि की व्यवस्था भी दयनीय थी।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में हल्दी खुर्द फाइनल में विजयी रही



विजेता टीम को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि

**करछना।** रामपुर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्र से आई हुई 10 टीमो ने प्रतियोगिता मे प्रतिभाग किया। फाइनल मैच का मुकाबला मुगारी के हल्दी कला व हल्दी खुर्द के बीच खेला गया जिसमे 16 ओवर के खेले गये मैच मे हल्दी कला 140 रन बनाकर आल आउट हो गई जबाब मे हल्दी खुर्द की टीम ने 14 ओवर मे 141 रन बनाकर विजेता बनी।विजेता टीम के केप्टन मो0 बासित व उप विजेता के क्पतान मो0 अवैस रहे जिन्हे मुख्य अतिथि गुलाम मुस्तफा उर्फ लालमिया ने पुरस्कार वितरित किया। इस मौके पर मो0 अकरम, फातिमा सहजादुल हक, मो0 सद्दाम जयकी समेत खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## पेंशन बहाली समेत कर्मचारियों के हितों के लिए अटेवा ने दिखाई एकजुटता

**प्रयागराज।** अटेवा-पेंशन बचाओ मंच की सिविल लाइंस स्थित रोस्टोरेंट में बैठक हुई। इसमें पुरानी पेंशन बहाली समेत कर्मचारियों के हितों के लिए काम करने को लेकर चर्चा की। इस दौरान सभी कर्मचारी संगठनों ने राजनीतिक संगठनों का बहिष्कार करने का आह्वान किया। पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. आरएस वर्मा ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष नरसिंह मजदूर विरोधी प्राविधानों को समाप्त करने के लिए आवाज उठाई। बाल विकास पुष्टाहार महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी ने सार्वजनिक इकाइयों को बेचने का विरोध करते हुए यूनियनों का पंजीकरण 45 दिन में करने की बात कही। वैचारिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। राजकीय शिक्षक संघ के महामंत्री डॉ. रविभूषण ने संविदा, आउट सोर्सिंग, आशा बहु, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व स्वास्थ्य मिशन आदि को नियमित करने की मांग उठाई। अध्यक्षता लेखपाल संघ के अध्यक्ष राजकुमार सागर और संचालन सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष देवराज यादव ने किया।

इस मौके पर वीर सैनिक कल्याण संघ के अध्यक्ष श्यामसुंदर पटेल, शैक्षिक महासभा के अध्यक्ष प्रवीण पांडेय, रेलवे मेंस यूनियन के मनोज पांडेय, पूर्व आबकारी आयुक्त कृष्णचंद्र, शिक्षा निदेशालय कर्मचारी संघ के पूर्व उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, विद्युत कामगार संघ के राष्ट्रीय सचिव जवाहर लाल विश्वकर्मा, यूपी फेडरेशन के जिला मंत्री मुनव्वर एजाज, वर्क चार्ज पीडब्लूडी के अध्यक्ष रामसकल वर्मा, विकास भवन के रामचंद्र यादव, सिंचाई विभाग के केके वर्मा, महासंघ के संयुक्त मंत्री सजीत यादव, मानव शोध संस्थान के निदेशक राजीव मिश्रा आदि रहे।

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### दबंग जबरन जमीन पर जमाया कब्जा, मुकदमे में फंसाने की दे रहा धमकी

**करछना।** तहसील क्षेत्र करछना मे इन दिनो भू माफियाओ का बोलबाला है आयेदिन दरीबो और असहाय लोगो की जमीनो पर जबरन कब्जा कर लिया जा रहा है और विरोध करने पर उन्हे जान से मारने व मुकदमे मे फसाये जाने की दी जा रही धमकिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के लिगदहिया गाव निवासी जितेन्द्र सिह उर्फ पप्पू की पुस्तैनी जमीन पर पास के गाव घटवा के दबंग किस्म के लोग उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया है जिसे भुक्तभोगी ने खाली करने का विरोध जताया तो उसे एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमे मे फसाने की साजिश रच रहे है। जितेन्द्र सिंह के अनुसार उसकी भूमि पास के गाव घटवा मे उसके पिता व चाचा और दादा जी के नाम से लगभग 5 विस्वा जमीन है जिसपर गांव के ही दबंगो द्धारा कब्जा किया गया है।मामले को लेकर अधिकारियो से जमीन से कब्जा हटाने के लिए गुहार लगाई गई है।

## कपड़ा व्यवसायी का अपहरण के बाद हत्या, व्यापारियो में मचा कोहराम

**सिरसा।** मेजा थाना क्षेत्र के सिरसा कपसहाई मोहल्ला निवासी विजय कुमार केसरी पुत्र जोखू लाल अपहर्ता का शव शनिवार को नैनी कोतवाली क्षेत्र के एग्रीकल्चर चौकी अंतर्गत मड़ौका गांव के समीप पटरी के बगल झाड़ियों में पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल करते हुए शव की शिनाख्त करने की कोशिश की, लेकिन पता नहीं चल सका। कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद उक्त युवक की शिनाख्त सिरसा निवासी विजय कुमार केसरी के रूप में हुई। बतादें कि 27 नवंबर को शाम साढ़े आठ बजे विजय अपनी दुकान बंद कर साइकिल से घर को निकला, लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। दुकान से डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर अमृत कलश हॉस्पिटल (सिरसा पुलिस चौकी) के समीप उसकी साइकिल व चश्मा पाया गया। 28 नवंबर की सुबह परिजनों के द्वारा मेजा कोतवाली में अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला पंजीकृत भी कराया गया था। वहीं शनिवार शाम नैनी के मड़ौका गांव में उक्त युवक का शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। एक दिसंबर को मृतक के छोटे भाई की बारात जानी थी। व्यापारी के साथ हुई घटना से क्षेत्रीय लोगों में भय व्याप्त है। व्यपारियो का विश्वास अब पुलिस प्रशासन से उठ चुका है। बीजेपी सरकार में अब कोई सुरक्षित नही है। मेजा क्षेत्र में अपराधों का बोलबाला हो गया है, आज तक कोई अपराध का खुलासा पुलिस नही कर पाई।

### मड़हे में आगजनी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**मांडा।** थाना मांडा की पुलिस ने मड़हे में आगजनी कर बंधे पशुओं को क्षति पहुचाने के जुर्म करने वाले अपराधी को दबोचा।उक्तघटना शनिवार को मांडा थाना क्षेत्र सिकरो निवासी सूबेदार बिन्द पुत्र राम शिलोचन द्वारा बनाई गयी छप्पर गाँव के ही रामसागर द्वारा आग के हवाले कर दिया गया था वहीँ मड़हे में बंधे जानवर गंभीर रूप से झुलस गए पीड़ित ने थाना मांडा पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी।वादी की तहरीर पर मांडा पुलिस ने सम्बन्धित अभियोग पंजीकृत कर घटना की जाँच पड़ताल में जुटी और आज आरोपी को पकड़ लिया ।डीआईजी/एसएसपी प्रयागराज सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी द्वारा जिले में अपराध नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एसपी यमुनापार चक्रेश मिश्र व सीओ मेजा के निर्देशन थाना प्रभारी वरिष्ठ उ०नि० संजय कुमार भारद्वाज के नेतृत्व में चौकी प्रभारी भारतगंज के विनय कुमार सिंह दबिश देकर आरोपी राम सागर पुत्र स्व० बसन्तलाल ग्राम सकरी मांडा को घर से गिरफ्तार कर लिया जानकारी के अनुशार आरोपी के खिलाफ विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय भेजा गया।



माघ मेले की तैयारियों में लगा ट्रैक्टर जमीन समतलीकरण का कार्य करते हुए

## 25 दिसंबर से पहले जगमग होगा संगम क्षेत्र

**प्रयागराज।** माघ मेले के लिए संगम क्षेत्र 25 दिसंबर तक जगमग हो जाएगा। यहां पर प्रकाश का बंदोबस्त होगा। बिजली विभाग को काम तेजी के साथ करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। इस बार माघ मेले का काम काफी देरी से शुरू हो सका है। इसलिए अब काम दिन रात करने की तैयारी चल रही है। प्रशासन ने अपने स्तर पर अफसरों को काम तेजी के साथ करने के निर्देश दिए हैं, जिससे पहले स्नान पर्व के पहले तक सारी व्यवस्थाएं सुचारू हो जाएं। इसके लिए सबसे पहले बिजली विभाग और शौचालय तैयार करने के काम को पूरा करने के लिए कहा गया है। संगम क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को पहले तैयार किया जाएगा। बिजली विभाग का काम चार दिसंबर से शुरू हो जाएगा। 25 दिसंबर तक संगम और झूंसी की ओर पोल, तार व लाइटें लगाने का निर्देश दिया गया है। समतलीकरण का काम तेजी के साथ प्रशासन ने शुरू कर दिया है। शेष विभागों को 31 दिसंबर की डेड लाइन दी गई है।

## पाम संडे पर मसीही समुदाय ने की प्रार्थना



चर्च में प्रार्थना करते मसीही समुदाय के लोग

**प्रयागराज।** पाम संडे के अवसर पर मसीही समुदाय के लोग म्योराबाद चर्च में जुटे और जगत के कल्याण के लिए प्रभु यीशु से प्रार्थना की ईसाई समुदाय के लिए पाम संडे एक पवित्र दिन की तरह होता है। इस दिन लोग चर्च में जुटकर प्रार्थना करते हैं। कोरोना काल में जब सारा विश्व संक्रमण की चपेट में हैं, म्योराबाद में जुटे लोगों ने प्रभु यीशु से प्रार्थना की कि सबका कल्याण हो। पादरी ने पवित्र बाइबिल के अंश का पाठ किया।

## रेल मंत्री ने रेल विद्युतीकरण लाइन का किया उद्घाटन

### रेल विद्युतीकरण दिल्ली सराय रोहिल्ला से मदार (अजमेर)

**प्रयागराज।** रविवार को माननीय रेल मंत्री भारत सरकार पीयूष गोयल ने दिगावड़ा स्टेशन पर विद्युत ट्रेक्शन पर मालगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर बांदिकुई स्टेशन पर रवाना कर रेल विद्युतीकरण लाइन का उदघाटन किया। दिल्ली सराय रोहिल्ला से अजमेर तक पूर्व में डीजल इंजन से रेल परिवहन हो रहा था। इसको देखते हुए भारत सरकार, रेल मंत्रालय ने वर्ष 2013.14 में इस मार्ग पर रेल विद्युतीकरण करने का फैसला लिया।

इस कार्य की कार्यदायी संस्था प्रयागराज स्थित केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन;कोरद्ध थी !कोर ने वर्ष 2013.14 में दिल्ली सराय रोहिल्ला से मदार तक 446 रूट किलोमीटर एवं 1065 ट्रेक किलोमीटर रेल विद्युतीकरण का कार्य स्वीकृत कर रेल विद्युतीकरण परियोजना जयपुर की टीम को क्रियान्यवयन हेतु सुपुर्द किया। जिसमें अलवर से रेवाड़ी 82 रुट किलोमीटर कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका था। तथा बांदिकुई से दिगावडा स्टेशन की रेल लाइन का दोहरीकरण होने पर एक लाईन पर विद्युतीकरण अलग से किया गया। यह कार्य विभिन्न चरणों में पूरा किया गया।

1. दिल्ली सराय रोहिल्ला से रेवाड़ी, 2. रेवाड़ी से अलवर, 3. अलवर से बांदिकुई, 4. बांदिकुई से बस्सी, 5. बस्सी से कनकपुरा (जयपुर समेत), 6. कनकपुरा से फुलेरा, 7. फुलेरा से मदार (अजमेर), 8. बांदिकुई से दिगावडा (सिंगल लाइन)

अब दिल्ली सराय रोहिल्ला से मदार (अजमेर) तक रेल विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण हो गया है तथा रेलवे संरक्षा आयुक्त पश्चिम परिमंडल मुम्बई ने भी निरीक्षण कर विद्युत ट्रेक्शन पर रेल चलाने की अनुमति प्रदान कर दी है।

हालांकि यह कार्य बहुत समय पहले से चल रहा थाए पर कोर में श्री वाई पी सिंह के महाप्रबंधक पद पर आने के बाद इसमें तीव्रता आयी। इसमें कुल 23418 फाउंडेशन्स, 26 स्विचिंग स्टेशन्स, 6 ट्रैक्शन सब स्टेशन्स और 7 ओ एच ई डिपो हैं। साथ ही साथ इसमें 15000 मीट्रिक टन स्टीलए 2000 मीट्रिक टन कॉपर कंडक्टर उपयोग में लिया गया। जिसकी विद्युत, सिविल, सिग्नलिंग और टेलीकॉम काम की अनुमानित लागत 738 करोड़ रुपये रही है।

यह सराहनीय उपलब्धि रेल विद्युतीकरण परियोजना जयपुर की टीम ने केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज के दिशा निर्देश में हासिल की है ।



दिगावड़ा स्टेशन पर उद्घाटन करने पहुंचे मा0 रेल मंत्री भारत सरकार पीयूष गोयल

रेल विद्युतीकरण और बाद में इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन द्वारा रेल संचालन से भारतीय रेलवे में ग्रीन इंडिया की पहल को बढ़ावा मिलेगा। रेल विद्युतीकरण के जल्दी पूरा होने से पर्यावरण सुरक्षा होगी साथ ही साथ देश को आर्थिक और वित्तीय लाभ होगा । रेल विद्युतीकरण डिजल इंजनों पर निर्भरता को कम करते हुए कार्बन फुटप्रिंट को कम करेगा और ईंधन के आयात को कम करके प्रति वर्ष करोड़ो रुपये का विदेशी मुद्रा बचत की उम्मीद है । इस प्रकारए उम्मीद है कि भारतीय रेल पर विभिन्न खंडों के विद्युतीकरण से ईंधन के खर्च में पर्याप्त बचत होगी। इसके अलावाए विद्युतीकरण से ट्रेनों की गतिशीलता को और अधिक विश्वसनीय तथा शक्तिशाली बनाने में मदद मिलेगी। इससे सेक्शन में अधिक ट्रेनों को चलाने के लिए लाइन क्षमता में भी पर्याप्त वृद्धि होने की उम्मीद है।

वाई पी सिंह महाप्रबंधक केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज ने कठिन चुनौतियों के बावजूद नई रेल विद्युतीकरण लाइन स्थापना के लिए रेलवे विद्युतीकरण परियोजना जयपुर की पूरी टीम को बधाई दी है।

## लोको पायलटों ने पेश की मानवता की मिसाल

**प्रयागराज।** भारतीय रेल के व्यस्ततम मंडलों में शामिल उत्तर मध्य रेलवे का प्रयागराज मण्डल में एक ओर जहां रेलयात्रियों को संरक्षित एवं समयबद्ध यात्रा का अनुभव दिलाने हेतु रनिंग कर्मियों द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है, वंही दूसरी ओर अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन के क्षेत्र में भी सराहनीय योगदान दिया जा रहा है। रविवार को अकस्मिक स्थिति में एक मरीज को 4 यूनिट ब्लड की आवश्यकता पड़ी और प्रयागराज के संयुक्त पायलट एवं गार्ड लाबी के रनिंग कर्मियों को यह सूचना मिलते ही, लोको पायलट प्रवीण कुमार एवं रवि कुमार क्क्क्र द्वारा स्वेच्छा से रक्त दान कर मरीज की आवश्यकता समय पर पूरी की गई। संयुक्त पायलट एवं गार्ड लाबी के रनिंग कर्मियों द्वारा जून 2019 से ह्लनार्थ सेंट्रल रेलवे लॉबी इलाहाबाद ब्लड एवं सामाजिक संस्थाह्व के बैनर के तले विभिन्न समाजिक कार्य सामूहिक रूप से किये जा रहे हैं। इनके द्वारा प्रतिमाह, अपनी ड्यूटी करते हुये इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन में सामूहिक रूप से रक्तदान किया जाता है। इसी क्रम में कोरोना के इस कठिन समय में इस संस्था से जुड़े रेल कर्मियों ने भयमुक्त हो रक्तदान, वस्त्रदान, भोजन वितरण आदि कार्यों का भी निष्पादन किया। आकस्मिक और जरूरत के समय में निःस्वार्थ रूप से मदद करने से रनिंगकर्मियों की चहुँ-ओर प्रशंसा हो रही है । लॉबी प्रयागराज के इंचार्ज वासुदेव पाण्डेय की अगुवाई में आकस्मिक समय में जरूरतमंदों को ठउफ्छअइरर से एक ओर अभी तक 200 यूनिट से अधिक रक्त व प्लेटलेट्स उपलब्ध कराया जा चुका है वहीं दूसरी ओर कोरोना से ग्रसित रनिंग कर्मियों के ठीक होने पर कर्मियों ने जनहित में एंटीजेन एवं एंटीबॉडी टेस्ट भी कराया है ताकि आवश्यकता पड़ने पर प्लाज्मा भी देकर किसी का जीवन बचाया जा सके ।



रक्तदान करते हुए

## विदेशी मेहमानों ने संगम तट पर डाला डेरा

**प्रयागराज।** सर्दी की शुरूआत होते ही विदेशी मेहमानों ने संगम तट पर डेरा डाल दिया है। सफेद हल्के काले सिर और सफेद पंख वाले इन ब्लैक हेडेड साइबेरियन पक्षियों को देखने के लिए रोजाना संगम तट पर 15 से 20 हजार लोग सुबह से शाम तक आते हैं। इन्हें हपने हाथों से नमकीन सेव खिलाकर फोटो सोशल साइट्स पर अपलोड कर इनके बारे में बताते हैं। दिन की गुनगुनी धूप में गंगा तट गुलजार होने लगा है। विदेश से आए इन पक्षियों का दाना के लिए हवा में आना और लोगों की हथेली पर रखे दाने को खाना शहरियों को खूब भा रहा है। संगम किनारे शनिवार को अल्लापुर की दीप्ति, सोनाली और समीक्षा पहुंचीं। इन पक्षियों को देखकर इन्हें दाना खिलाने से ये युवतियां खुद को रोक न सकीं। इनके साथ अपनी फोटो भी क्लिक कराई और इसे सोशल साइट पर अपलोड किया। वहीं सिविल लाइंस के धर्मेश हर शनिवार और रविवार को घंटों यहां गुजारते हैं। इनका कहना है कि यहां धूप और सुकून तो मिलता ही है, पक्षियों को देखना भी बहुत अच्छा लगता है।



डीएफओ वाईपी शुक्ला के अनुसार प्रयागराज आने वाले ये विदेशी मेहमान ब्लैक हेडेड साइबेरियन गल्स हैं। साइबेरिया में बर्फबारी होने के कारण इस मौसम में ये पक्षी हर साल प्रयागराज आते हैं। फाफामऊ से नैनी यमुना ब्रिज के बीच ढाई से तीन लाख की इनकी संख्या होती है। जब मौसम गर्म होने लगता है तो ये वापस अपने देश चले जाते हैं। मेला प्राधिकरण के अफसरों का मानना है कि इन पक्षियों के कारण यहां पर पर्यटन तो बढ़ा है। नाविकों का कहना है कि सबसे ज्यादा नौकायन इन पक्षियों के कारण हो रहा है। किनारे से इन्हें दाना डालने में लोगों को वो आनंद नहीं आता। ऐसे में नदी की बीच धारा में लोग नाव से पहुंचते हैं।

## काल्विन में होगी लेप्रोस्कोपिक विधि से सर्जरी

**प्रयागराज।** प्रयागराज के लिए एक अच्छी खबर है। मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय (काल्विन) में लेप्रोस्कोपिक विधि से सर्जरी की सुविधा होगी। इसके लिए ऑपरेटिंग लेप्रोस्कोप मशीन खरीदने का निर्देश शासन ने दिया है। अत्याधुनिक मशीन की खरीद के लिए 35 लाख रुपए भी मंजूर किए जा चुके हैं। यह व्यवस्था मिशन कल्याणी कार्यक्रम के तहत की जा रही है। शासन ने लेप्रोस्कोपिक शल्य चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए ऑपरेटिंग लेप्रोस्कोप मशीन क्रय करने की स्वीकृति दी हे। इस मशीन के जरिए पथरी का दूरबीन से उपचार किया जाता है। लेप्रोस्कोपिक सर्जरी से तात्पर्य ऐसी सर्जरी से है, जिसे मुख्य रूप से महिला बांझपन, रसौली, अल्सर इत्यादि का इलाज करने के लिए किया जाता है। इस सर्जरी को मुख्य रूप से लेप्रोस्कोप या दूरबीन के द्वारा किया जाता है। शासन ने काल्विन अस्पताल के अलावा आगरा, बस्ती, गोरखपुर, आजमगढ़, बरेली, चित्रकूट, झांसी, मिजार्पुर, सहारनपुर, मुरादाबाद, अयोध्या, गोंडा के मंडलीय अस्पताल में भी ऑपरेटिंग लैप्रोस्कोप मशीन की व्यवस्था करने को कहा है। शासन की ओर से जारी निर्देश में स्पष्ट कहा गया है कि इसके रखरखाव के लिए कुशल स्टाफ व उचित स्थान की व्यवस्था कर ली जाए। मशीन का क्रय हर हाल में इसी वित्तीय वर्ष में करना होगा। काल्विन अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक डॉ. सुषमा श्रीवास्तव ने बताया कि लेप्रोस्कोप मशीन की व्यवस्था अस्पताल में होना बेहतर है।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

### चतुर्थ स्वैछिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन

**प्रयागराज।** काल्विन अस्पताल, ब्लड बैंक प्रयागराज में ब्लड फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन द्वारा आयोजित चतुर्थ स्वैछिक रक्तदान शिविर का मुख्य अतिथि के रूप में प्रयागराज महापौर अभिलाषा गुप्ता जी ने फीता काट कर उदघाटन किया तथा रक्तदाताओं को प्रशस्त्री पत्र व शील्ड वितरण कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संजीव चावला संयोजक फाउंडेशन, विजय अरोरा जी प्रयाग व्यापार मंडल अध्यक्ष, साहिल अरोरा पार्षद, अखिलेश सहाय, अमित आनंद, इमरान अहमद, गौरव गुलाटी, अमित जैन, पवन गुप्ता, संजय आनंद, संजीव यादव, अतुल कुशवहा, आलोक जैन, प्रवीण अग्रवाल, विकास वर्मा, वरदान गुप्ता, पुनीत गौर, भरत गिरानी, राहुल देव , मो० जावेद, मीना चावला, श्वेता आनंद, ममता दिवेदी, कंचन पांडेय, रोशनी अग्रवाल, सीमा श्रीवास्तव, प्रीति सहाय, गुरमीत सिंह, सरनपाल सिंह, गुरविंदर सिंह, आशीष कुमार मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## बलुआघाट पर स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**प्रयागराज।** कार्तिक पूर्णिमा कल सोमवार को है। इसके मद्देनजर रविवार को शहर के बलुआघाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रदेश मंत्री भाजपा एवं प्रांत संयोजक गंगा विचार मंच उत्तर प्रदेश अनामिका चौधरी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने यमुना घाट पर साफ-सफाई की। साथ ही लोगों को जल संरक्षण, पर्यावरण प्रदूषण को दूर करने के लिए पौधारोपण करने की सलाह दी। साथ ही वैश्विक महामारी कोरोना वायरस से बचाव के लिए मास्क लगाने का संकल्प दिलाया गया।

इस दौरान सतीश केसरवानी, दिनेश, चंदन, सुशील आदि स्वयंसेवकों ने लोगों से आग्रह किया कि गंगा के जल में घर की पुरानी मूर्तियों को विसर्जित न करें। कहा कि मूर्तियों को नदी के किनारे बनाए गए गडढे में ही डालें। स्नान के दौरान तटों पर स्वच्छता जरूर रखें। वहीं कोरोना वैश्विक महामारी के प्रति नेहा, नीलम, मंदाकिनी, सुमन, रूशाली, मृणाली, आयुषी, मीनू, अनीता ने लोगों को बताया कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। इसलिए दो गज की दूरी बनाए रखें और चेहरों को मास्क से ढंके रहें। सरकार की कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करने के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। जितेंद्र, कालीचरण, राकेश, आशीष, प्रेम और अमन कुमार ने कहा कि हम सभी को अपने अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसे जीवित करना चाहिए। अनामिका चौधरी ने यमुना नदी में घर के पुराने माला-फूल आदि को न डालने के लिए स्नानार्थियों से अपील किया। कैप्टन सुनील निषाद ने सभी उपस्थित स्वयंसेवकों एवं उपस्थित जन समुदाय को नदियों के संरक्षण, जल संरक्षण के लिए जल योद्धा बनने तथा पालीथीन मुक्त नदी तट के लिए शपथ दिलाई। साथ ही कोरोना वायरस से बचने के लिए घर से बाहर निकलते समय चेहरे पर मास्क लगाने की अपील की। स्नानार्थियों,घाटियों, नाविकों एवं तटों पर निवास करने वाले लोगों को कोरोना वैश्विक महामारी से बचने के लिए मास्क का वितरण किया गया।



लोगों को जागरूक करते हुए

कार्यक्रम में सतीश केसरवानी पार्षद, जितेंद्र शुक्ला, अमन कुमार, नेहा केशरी, विजय केशरी, नीलम शुक्ल, सुमन बाला, दिनेश श्रीवास्तव, प्रेम सोनी, वंदना सोनी, रौनक सोनी, मीनू पांडे, रूशाली मिश्रा, मृणाली मिश्रा, राकेश मिश्रा, आयुषी, सिम्मी श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, अनीता तिवारी, गीता गुप्ता, सुशील निषाद, चंदन निषाद, अन्नू निषाद, राहुल मिश्रा, योगेश कुमार, कालीचरण, आकाश निषाद आदि के साथ नगर निगम तथा नमामि गंगे के कर्मचारियों के साथ क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### नशे में धुत बोलेरो सवार युवकों ने आधी रात किया हंगामा

**प्रतापगढ़।** पेट्रोल पंप पर डीजल भराने पहुंचे नशे में धुत बोलेरो सवार युवकों ने आधी रात हंगामा किया। सेल्समैन से गालीगलौच करते हुए देख लेने की धमकी भी दी। पुलिस युवकों को हिरासत में थाने ले गई। सुबह कड़ी चेतावनी देते हुए उन्हें छोड़ दिया गया ।कुंडा थाना क्षेत्र में उपाध्याय पेट्रोल पंप पर शनिवार रात करीब 11 बजे बोलेरो सवार आधा दर्जन युवक पहुंचे। बोलेरो में डीजल भराने के लिए सेल्समैन को बुलाया। किसी बात पर नशे में धुत युवकों का सेल्समैन से विवाद हो गया। उसे गालियां देते हुए अभद्रता करने लगे। इसकी जानकारी होने पर पेट्रोल पंप के प्रबंधक प्रेरित कुमार ने यूपी 112 को फोन कर पुलिस बुला ली। युवकों के नशे में धुत होने और उनकी हरकतें देख पुलिस सभी को बोलेरो समेत थाने ले गई। रातभर बिठाने के बाद सुबह कड़ी चेतावनी के साथ उन्हें छोड़ दिया गया। पुलिस का कहना है कि कोई तहरीर नहीं मिलने पर मुचलके पर चेतावनी देकर जाने दिया गया।

### दुर्घटना में घायल गर्भवती की मौत

**कौशांबी।** थाना पश्चिम सरीरा क्षेत्र के निभिया गांव के पास शनिवार को 4:30 बजे बरुआ निवासिनी सुनीता देवी उम्र 32 वर्ष पत्नी मानसिंह पश्चिम शरीरा की ओर से दवा लेकर अपने गांव बरुआ आ रही थी जब वह निबिया गांव के पास पहुंची गढी की ओर से तेज रफ्तार से बाइक सवार ने गर्भवती को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो मौके पर उसका भतीजा साधु सिंह पहुचा और पुलिस को सूचना कर एंबुलेंस बुलाकर जिला अस्पताल भेजा गया जहां हालत खराब होने के कारण महिला को प्रयागराज रिफर कर दिया गया जहां रास्ते में सुनीता देवी 32 वर्ष की मौत हो गई ।बताया जाता है कि सुनीता देवी उम्र 32 वर्ष पत्नी मानसिंह शनिवार को दोपहर में पश्चिम सरीरा अपने पति मानसिंह जो इस समय एक मामले में जेल में है ।उसके दांतों में दर्द होने के कारण उसकी गर्भवती पत्नी दवा लेने के लिए पश्चिम शरीरा गई थी जो मिलाई के दौरान उस दवा को अपने पति मान सिंह को दे देती लेकिन जब पश्चिम सरीरा से वापस अपने गांव बरुआ जा रही थी तभी निबिया गांव के पास एक बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गई राग प्रयागराज ले जाते समय उसकी मौत हो गई कुंआडीह निवासी झल्लू प्रसाद की बेटी सुनीता देवी का प्रसव नजदीक था।

# निर्माणाधीन सर्किट हाउस में 75 करोड़ की लागत से 51 परियोजनाओं का डिप्टी सीएम ने किया लोकार्पण

**डिप्टी सीएम का एकदिनी दौरा, जनपद आगमन पर डिप्टी सीएम का जगह जगह ढोल नगाड़े से जोरदार स्वागत**

### रिश्तेदार की तेरहवीं में वह हुए शामिल

**अझुवा कौशाम्बी।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के रविवार को एक दिनी दौरे के दौरान हेलीकॉप्टर से वह गृह जनपद कौशाम्बी पहुंचे जहां पर अपने सर्वप्रिय नेता को पाकर जिले के कार्यकताओं पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया हर किसी मे डिप्टी सीएम को माला पहनाने और उनकी एक झलक पाने की होड़ लगी रही केशव प्रसाद मौर्य लखनऊ से हेलीकॉप्टर द्वारा बाबू सिंह इंटर कालेज सायरा के प्रांगण में पहुंचे।

लक्जरी कार द्वारा अपने काफिले के साथ सयांरा में निमार्णाधीन सर्किट हाउस का डिप्टी सीएम ने निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया इस मौके पर डिप्टी सीएम ने 75 करोड़ की लागत से 51 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों और लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर अधिकारियों को हिदायत दी कि अधिकारी समय से गुणवत्तापूर्ण काम कराएं और दफ्तर समय से पहुंचे उन्होंने कहा कि अधिकारी इमानदारी से अपना कार्य करें कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बराबर प्रयास करते रहे समर्थकों कार्यकताओं और पदाधिकारियो से भेंट करते हुए उनकी समस्याओं को सुनकर उन्हें समाधान का भरोसा डिप्टी सीएम ने दिलाया।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कौशाम्बी में किये जा रहे बिकास कार्यों की चर्चा की उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 से विधायक बनने के बाद से ही जिले में विकास की जनकल्याण कारी योजनाओं को मुख्य धारा में लाने का सतत प्रयास जारी है। रेलवे मार्ग पर निर्मित ओवर और अंडर ब्रिजों के निर्माण सहित धुमाई रेलवे क्रासिंग को शीघ्र ही निर्माण प्रक्रिया में लाये जाने की बात को उन्होंने आम जनता से कही है।



लोकार्पण के पश्चचात लोगों सम्बोधित करते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य।

### डिप्टी सीएम के कार्यक्रम में सक्रिय रहे जेब कतरे

**अझुवा कौशाम्बी।** डिप्टी सीएम के कार्यक्रम में भारी भरकम पुलिस फोर्स के बाद भी जेब कतरे हौसले बुलंद हैं और उन्होंने डिप्टी सीएम के कार्यक्रम में कई नेताओं और जनता के जेब काट कर रकम साफ कर दिया है डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की सभा में भीड़ भाड़ का फायदा जेबकतरे ने भी जमकर उठाया मंडल मंत्री पुष्कर नाथ त्रिपाठी के जेब से 21 हजार ,प्रशांत केसरवानी की जेब से 8 हजार एटीएम कार्ड आई डी सहित छोटू अग्रहरी की जेब से लगभग 5 हजार गायब कर दिए गए है जेब काटने के बाद जब नेताओं ने हो-हल्ला मचाना शुरू किया तो मौके पर सैनी कोतवाली पुलिस ने जेबकतरे को पकड़कर कोतवाली ले गयी।

## जन समस्याओं के निस्तारण के लिए लगाया गया चौपाल



कार्यक्रम में आये लोगों नहीं लगाया मास्क

**अझुवा कौशाम्बी।** भैरायें ग्राम सभा पहुंचने से पहले जगह जगह तोरण द्वार लगाकर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का जोरदार तरीके से भाजपा कार्यकताओं पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया धर्मा देवी इंटर कालेज के छात्रो ने मानव श्रृंखला बनाकर उनका स्वागत किया चौपाल को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष और जनता सभी लोगो को यदि किसी प्रकार की समस्या परेशानी हो तो अपने शिकायत पत्र दें तुरंत समस्या का समाधान होगा! इस भ्रमण के दौरान डिप्टी सीएम के साथ चायल विधायक संजय गुप्ता सिराथू विधायक शीतला प्रसाद पटेल जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी,धर्मराज मौर्य अरुण केसरवानी पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश पासी, ओम प्रकाश पासी,राहुल कुशवाहा सुभाष साहू बालकृष्ण मौर्य प्रशांत केसरवानी अविनाश मौर्य डॉ रामराज मौर्य शीलू पाण्डेय शिव प्रताप मौर्य मिथलेशकेसरवानी करन सिंह , रमेश चंद्र केसरवानी सौरभ केसरवानी ,चंद्र पल सिंह, गुलाब सिंह मुन्ना जहाजी सहित तमाम मंडल पदाधिकारी कार्यकर्ता और भाजपा नेता मौजूद रहे।

### डिप्टी सीएम ने किया देवी दर्शन

**अझुवा कौशाम्बी।** शक्ति पीठ कड़ा धाम पहुंचकर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने आदिशक्ति मां शीतला का आशीर्वाद लिया तथा प्रदेश की जनता की सुख वैभव की कामना की ततपश्चात उनका काफिला सिराथू तहसील के ग्राम सभा भैरायें पहुंचा लोक निर्माण विभाग द्वारा किये गए कार्यों की उन्होंने सराहना भी की! डिप्टी सीएम ने कहा एक समय टाण्डा मार्ग में चलने में कितनी दुष्वारियों का सामना करना पड़ता था आज सड़क के मामले में दिक्कत नही है । भैरायें ग्राम सभा जहां विगत दिनों रिश्ते में उनके फूफा रतन मौर्य की मृत्यु पर आयोजित तेरहवीं कार्यक्रम में वह शामिल हुए और परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी।

## 12 करोड़ रुपए की लागत की 59 परियोजनाओं का सीएम ने किया वर्चुअल शिलान्यास

**कौशाम्बी जिला पंचायत द्वारा एक साल के अन्दर विकास कार्यों की लगभग 650 कार्य कराए जा चुके है पूरे**

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से जिला पंचायत कौशाम्बी की 12 करोड़ रुपए की लागत से 59 परियोजनाओं का वर्चुअल शिलान्यास किया। इसी क्रम में जनपद कौशांबी के जिला पंचायत कार्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अवध रानी की उपस्थिति में इन 59 परियोजनाओं का फीता काटकर जन कल्याण के लिए लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अवधरानी ने जनपद वासियों को भरोसा दिलाया है कि विकास कार्यों में और तेजी आएगी। जो भी जरूरी कार्य होंगे वह निश्चित रूप से कराए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में नाले, सड़क,खड़ंजा,की अधिक आवश्यकता है और इसीलिए जिला पंचायत ने इन कार्यों को प्राथमिकता से कराना शुरू किया है। जिले में जिला पंचायत द्वारा साल के अन्दर लगभग 650 कार्य पूरे कराए जा चुके हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष अवध रानी ने कहा कि विकास कार्यों में जनता के सहयोग की जरूरत होती है और उन्हें सभी क्षेत्रों में जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जगजीत सिंह अपर मुख्य अधिकारी रणमत सिंह अभियंता अखिलेश थर्मल सहायक लिपिक रमेश चंद्र शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे।



59 परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण करते हुए

## एमएलसी प्रत्याशी अमित गुप्ता को व्यापारियों ने दिया समर्थन

**शिक्षकों और अधिवक्ताओं के एक गुट ने भी दिया अमित गुप्ता को समर्थन**

**कौशांबी।** इलाहाबाद झांसी स्नातक निर्वाचन विधान परिषद एमएलसी के चुनाव में व्यापारी समाज के साथ-साथ शिक्षक और अधिवक्ताओं के एक गुट ने उन्हें समर्थन दे दिया है इलाहाबाद झांसी स्नातक विधान परिषद एम एल सी के चुनाव में बीते 20 वर्षों से डॉ यज्ञदत्त शर्मा एमएलसी के पद पर विजई होते आ रहे हैं लेकिन व्यापारियों के नेता अमित गुप्ता के पर्चा दाखिल करने के बाद इस एमएलसी सीट की स्थिति बदल गई है जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री अजय पांडेय ने पत्र लिखकर अमित गुप्ता के समर्थन में मतदान करने की अपील अधिवक्ताओं से की है अधिवक्ताओं के एक गुट के डॉ यज्ञदत्त शर्मा से दूरी बनाने के बाद डॉ यज्ञदत्त शर्मा की जहां राह आसान नही दिखाई पड़ रही है वही अधिवक्ता समाज के एक गुट का खुला समर्थन मिलने के बाद इस एमएलसी सीट की गुणा गणित बदलती दिख रही है।

एमएलसी चुनाव के मतदान के ठीक पूर्व व्यापारी समाज के बिभिन्न संगठनों और उनके नेताओं द्वारा अमित गुप्ता को समर्थन दिए जाने से इस सीट पर एमएलसी प्रत्याशियों का मुकाबला रोचक हो गया है वैसे भी पहले से व्यापारी समुदाय के मतदाता अमित गुप्ता के साथ थे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रांतीय महामंत्री रमेश अग्रहरि जिला उपाध्यक्ष अरविंद केसरवानी सहित विभिन्न व्यापारी नेताओं ने एम एल सी प्रत्याशी अमित गुप्ता को समर्थन दे दिया था और उनके चुनाव प्रचार में व्यापारी नेता जी जान से कड़ी मेहनत कर मतदाताओं को अमित गुप्ता के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे थे।

## बाइक चला रही बालिका को पुलिस ने पकड़ा

**प्रतापगढ़।** सिविल लाइंस में बाइक लेकर निकली बालिका को पुलिस ने पकड़ लिया। वह कान पकड़कर माफी मांगने लगी तो बगैर चालान किए उसे छोड़ दिया गया। इस पर पकड़े अन्य बाइक सवारों ने नाराजगी जताते हुए खुद को भी छोड़ने की बात कही। हालांकि पुलिस ने ऐसा नहीं किया। यातायात माह में एक नवंबर से 28 नवंबर तक शहरी क्षेत्र के भंगवा चुंगी, सदर मोड़, भुपियामऊ, मीराभवन, मोहनगंज सहित एक दर्जन चेकिंग प्वाइंट पर पुलिस ने बगैर लाइसेंस बाइक व स्कूटी चलाने पर 285 लोगों का चालान किया। उनसे जुमार्ना भी वसूला है। रविवार को सिविल लाइंस पुलिस चैकी प्रभारी कमलेश पांडेय अम्बेडकर चैराहे पर थे। इस दौरान दहिलामऊ की ओर से बाइक लेकर एक बालिका पहुंची तो पुलिस ने उसे रोक लिया। बालिका से लाइसेंस दिखाने को कहा तो वह कान पकड़कर माफी मांगने लगी।

# डीएम ने मतदान केन्द्र तहसील सदर एवं ब्लाक सदर का किया निरीक्षण

**मतदान केन्द्रों पर सोशल डिस्टेसिंग एवं मास्क का शत प्रतिशत किया जाये अनुपालन : डी एम**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2020 के मतदान दिनांक 01 दिसम्बर को सकुशल, शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार ने मतदान केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज, तहसील सदर एवं विकास खण्ड सदर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान केन्द्रों पर सोशल डिस्टेसिंग के अनुपालन हेतु 02 गज की दूरी पर गोले बनाये जाये, मतदान केन्द्रों पर सेनेटाइजर की व्यवस्था की जाये तथा मतदान केन्द्रों पर जो भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने आये वह फेस कवर अथवा मास्क का प्रयोग करें इस पर विशेष निगरानी रखी जाये, कोई भी मतदाता बगैर मास्क के मतदान केन्द्र पर प्रवेश न करने पाये। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान केन्द्रों पर सभी व्यवस्थायें समय रहते पूर्ण कर ली जाये जिससे मतदान को सकुशल सम्पन्न कराया जा सके। सभी पार्टियॉ राजकीय इण्टर कालेज से 30 नवम्बर को दोपहर 12 बजे रवाना होंगी। मतदान केन्द्र विकास खण्ड सदर में लखनऊ खण्ड स्नातक के निर्वाचन हेतु कक्ष संख्या-01, 02 एवं 03 तथा शिक्षक हेतु कक्ष संख्या-04 को बूथ बनाया गया है। इसी प्रकार स्नातक के निर्वाचन हेतु राजकीय इण्टर कालेज मीटिंग हाल एवं शिक्षक हेतु राजकीय इण्टर कालेज कक्ष संख्या-02 बूथ बनाया गया है। तहसीलदार सदर में स्नातक के निर्वाचन हेतु कार्यालय न्यायालय नायब तहसीलदार गड़वारा एवं शिक्षक के निर्वाचन हेतु न्यायालय नायब तहसीलदार गड़वारा कक्ष संख्या-02 को बूथ बनाया गया है।




मतदान केन्द्र का स्थलीय निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

### बोनाफाइड मतदाता को मताधिकार के प्रयोग हेतु 01 दिसम्बर को विशेष आकस्मिक अवकाश अनुमन्य

**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 रूपेश कुमार ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2020 हेतु दिनांक 01 दिसम्बर 2020 को मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के क्रम में सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस निर्वाचन में जनपद प्रतापगढ़ में स्थित राज्य सरकार के समस्त विभागों के कर्मचारियों, जो विश्वविद्यालय स्नातक है और जो स्नातक तथा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से होने वाले राज्य के विधान परिषद के निर्वाचनों हेतु बोनाफाइड मतदाता है को मताधिकार के प्रयोग हेतु मतदान दिवस दिनांक 01 दिसम्बर 2020 को विशेष आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया जायेगा।

### निर्वाचक अपनी पहचान सिद्ध करने हेतु 09 वैकल्पिक दस्तावेजों का प्रयोग करें

**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 रूपेश कुमार ने अवगत कराया है उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2020 हेतु दिनांक 01 दिसम्बर 2020 (दिन मंगलवार) को होने वाले मतदान में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय निर्वाचक को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, हालांकि ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नही कर पाते है उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिये वैकल्पिक दस्तावेज आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, राज्यध्केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय या अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये सेवा पहचान पत्र, सांसदो विधायको विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये। अधिकारिक पहचान पत्र, शैक्षिक संस्थाओं जिनमें सम्बन्धित शिक्षक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित हो द्वारा जारी सेवा पहचान पत्र, विश्व विद्यालय द्वारा जारी उपाधि अथवा डिप्लोमा का प्रमाण पत्र मूल रूप में तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता सम्बन्धी प्रमाण-पत्र मूल रूप में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है।

## अजय क्रांतिकारी बने अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण परिषद के सदस्य

**प्रतापगढ़।**अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण परिषद नई दिल्ली ने पर्यावरण सेना प्रमुख ग्रीनमैन अजय क्रांतिकारी को उनके द्वारा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए जा सराहनीय प्रयासों को देखते हुए परिषद का सदस्य बनाया है।जिससे मानव अधिकारों के हनन को रोकने और जागरूकता में मदद मिलेगी। इस मौके पर ग्रीनमैन अजय क्रांतिकारी ने कहा कि शुद्ध पर्यावरण के माध्यम से सभी लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन और शुद्ध जल की उपलब्धता उनके मानवाधिकार है ।अपने पर्यावरण सैनिकों के माध्यम से लोगों के मानवाधिकारों की रक्षा का कार्य किया जाएगा। जिम्मेदारी मिलने से कार्य क्षमता में वृद्धि होती है। आगे उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण वैश्विक मुद्दा है और प्रदूषण नियंत्रण के लिए पूरी दुनिया को एकजुट होकर धरती से प्रदूषण को हर हाल में समाप्त करना होगा।इसके लिए हमें पेड़ लगाकर उसकी रक्षा करनी होगी।

# दुकानों पर पाबंदी के विरोध में व्यापारियों ने किया हंगामा

**प्रतापगढ़।** कार्तिक पूर्णिमा मेले में दुकानें लगाने पर पाबंदी से नाराज व्यापारियों ने रविवार को हंगामा किया। नारेबाजी करते हुए तहसील प्रशासन से सोशल डिस्टेंसिंग के साथ दुकान लगाने की छूट देने की मांग की। एसडीएम ने कोरोना का हवाला देते हुए दुकान लगाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया ।मानिकपुर नगर में लगने वाला कार्तिक पूर्णिमा मेला व्यापारियों की आमदनी का जरिया होता है। व्यापारी महीनों पहले से तैयारी करने लगते हैं। इस बार कोरोना संक्रमण के कारण तहसील प्रशासन ने मेले पर पाबंदी लगाई है। मुख्य स्नान पर्व पर सिर्फ गंगा स्नान की छूट दी गई है। इससे नाराज व्यापारी रविवार को सड़क पर आ गए।



कार्तिक पूर्णिमा मेले में दुकानें लगाने पर पाबंदी से नाराज व्यापारीहंगामा करते

### कार्तिक पूर्णिमा मेले का प्रमुख स्नान पर्व आज

**कुंडा, प्रतापगढ़।** मानिकपुर में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले का प्रमुख स्नान पर्व सोमवार को है। हालांकि चतुर्दशी पर भी कुछ श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई ।मानिकपुर में शाहाबाद गंगा घाट से लेकर मां ज्वाला देवी मंदिर तक कार्तिक पूर्णिमा का पांच दिवसीय मेला इस बार कोविड संक्रमण के कारण सिमट गया। प्रशासन ने श्रद्धालुओं को सिर्फ गंगा स्नान की छूट दी है। मेले में दुकानें लगाने पर सख्त पाबंदी है। मेले का मुख्य स्नान पर्व सोमवार को है। आमतौर पर श्रद्धालु तेरस से ही गंगा घाट पहुंचने लगते थे। चतुर्दशी को भी बड़ी तादाद में गंगा में डुबकी लगाते रहे। इस बार कोविड 19 की पाबंदियों से श्रद्धालु भी दहशत में हैं। इससे चतुर्दशी को कुछ ही लोग गंगा घाट पहुंचे।

## तरुणचेतना व अक्स्फाम ने शुरू की बेटियों के साथ बाल विवाह पर परिचर्चा

**प्रतापगढ़।** 16 दिवसीय महिला हिंसा विरोधी अभियान के तहत अक्स्फाम इंडिया, जेंडर एलायंस, चाइल्डलाइन, सहयोग व तरुण चेतना के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं व किशोरियों के साथ जिले के विभिन्न स्थानों पर रैली, गोष्ठी व हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया, जिसमें बाल विवाह रोकने व शादी की कानूनी उम्र बढाने सम्बन्धी सरकार के प्रस्ताव पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर चाइल्ड लाइन के निदेशक नसीम अंसारी ने बताया कि इस विषय पर पूरे ईश्वरनाथ में किशोरियों के साथ एक परिचर्चा आयोजित की गयी जिसमें बेटियों ने गाँव में रैली निकल कर कहा कि पहले पढाई द फिर सगाई. इसी क्रम में आँवला ग्राम गोंडे में मुस्लिम किशोरियों व महिलाओं के साथ बाल विवाह व शादी की कानूनी उम्र पर चर्चा की गयी, जिसमें ज्यादातर बच्चियों ने कहा किरू- सरकार पहले शिक्षा-सुरक्षा-स्वावलंबन की दिशा में बेटियों को सशक्त बनाने की पहल करे तो बाल विवाह अपने आप रुक जायेगा. फिर इसके लिए अलग से कानून बनाने की जरुरत ही नहीं पड़ेगी.द्व । इस अवसर पर चाइल्डलाइन कौंसलर रीना यादव ने बताया कि 2005 -06 में बाल विवाह का प्रतिशत 47ः था, जो दस साल बाद 2015 -16 में 27ः रह गया, जो बेटियों की शिक्षा, बेटी बचाओ द्बेटी पढ़ाओ व मिशन-शक्ति जैसी योजनाओं से संभव हुआ. टीम सदस्य अभय कुमार और हुस्नारा बानो ने महिलाओं के साथ घरेलू महिला हिंसा और मर्जी बिना शादी नहीं के मुद्दे पर चर्चा की।




16 दिवसीय महिला हिंसा विरोधी अभियान में महिलाएं।